दिनांक–29.06.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा ।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने हाल ही में रद्द की गई परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा की।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी, आज भी भोपाल, इंदौर समेत कई इलाकों में गिरेगा पानी ।
- टी20 विश्व कप के फाइनल में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगे आमने-सामने ।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

एनटीए-यूजीसी नेट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में रद्द की गई एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट और यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनसीईटी 10 जुलाई को, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25-27 जुलाई को जबकि यूजीसी-नेट जून परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। एनटीए ने उम्मीदवारों को अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाने की सलाह दी है। अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा अपने वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार 6 जुलाई को ही आयोजित की जाएगी।

अमरनाथ यात्रा

52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथजी यात्रा आज सुबह कडी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी के पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू हो गयी। यह यात्रा 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन सम्पन्न होगी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

नए विदेश सचिव

1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी विक्रम मिस्री को अगले विदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह विनय मोहन क्वात्रा का स्थान लेंगे। जिनका कार्यकाल अगले महीने की 14 तारीख को समाप्त हो रहा है। श्री मिस्री वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने चीन, म्यांमार और स्पेन में भारतीय दूत के रूप में काम किया है।

पेंशन संशोधन

सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले ईपीएस सदस्यों को भी निकासी लाभ मिल सके। इस संशोधन से हर साल सात लाख से अधिक ईपीएस सदस्यों को लाभ होगा जो छह महीने से कम अंशदायी सेवा के साथ योजना छोड़ देते हैं।

मौसम

मानसून अब पूरे प्रदेश में पहुँच गया है। कल भी प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल, इंदौर समेत कई ज्यादा जिलों में पानी गिरा। आज भी ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना है। प्रदेश के छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, ग्वालियर, भिंड समेत कई जिलों में बारिश हुई। सिवनी में 2.6 इंच पानी गिर गया। वहीं, बालाघाट जिले के मलाजखंड में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। उज्जैन में चामुंडा माता मंदिर में पानी भर गया। सीधी में पारा सबसे ज्यादा 39 डिग्री रहा। पचमढ़ी-सिवनी सबसे ठंडे रहे। यहां दिन का तापमान 27 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खरगौन वृक्षारोपण

खरगौन जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। अभियान के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पूरे जिले में 1 लाख 51 हजार पौधे लागाये जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा वृक्षारोपण को लेकर पूर्व से गढ्डों की खुदाई कर अन्य तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आज समस्त शासकीय कार्यालय, स्कूलों एवं महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।

विश्व कप क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में टी20 विश्व कप के फाइनल में आमने-सामने होंगे। भारत ने गुयाना में दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराया था, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर पहली बार विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया।

दोनों टीमें टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहीं, लेकिन दिन के मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, फाइनल में बारिश की अहम् भूमिका रहने की उम्मीद है। हालाँकि, खिताबी मुकाबले के लिए एक आरक्षित दिन रखा गया है। यदि फाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों को टूर्नामेंट का संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट में चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के साथ एक मात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत पहली पारी में कल के स्कोर चार विकेट पर पांच सौ 25 रन से आगे खेलेगा। कल पहले दिन भारत की शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहले विकेट के लिए 292 रन की रिकॉर्ड साझीदारी की।

शैफाली ने भी 197 गेंदों में 205 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाया। भारतीय महिलाओं ने एक ही दिन में 525 रन बनाकर

महिला टेस्ट में 89 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड दिया। इससे पहले इंग्लैंड ने 1935 में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में एक दिन में दो विकेट पर 431 रन बनाये थे।

खेल योग

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल करने के भारतीय ओलिम्पिक संघ-आईओए की अध्यक्ष डॉक्टर पी टी ऊषा के कदम का स्वागत किया है। हाल ही में पी टी ऊषा ने एशियाई खेलों में योग को एक खेल के रूप में शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए एशियाई ओलिम्पिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह को पत्र लिखा है।

———————————————

मौसम (1)

मानसून अब पूरे प्रदेश में पहुँच गया है। कल भी प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल, इंदौर समेत कई ज्यादा जिलों में पानी गिरा। आज भी ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना है। प्रदेश के छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, ग्वालियर, भिंड समेत कई जिलों में बारिश हुई। सिवनी में 2.6 इंच पानी गिर गया। वहीं, बालाघाट जिले के मलाजखंड में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। उज्जैन में चामुंडा माता मंदिर में पानी भर गया। सीधी में पारा सबसे ज्यादा 39 डिग्री रहा। पचमढ़ी-सिवनी सबसे ठंडे रहे। यहां दिन का तापमान 27 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खरगौन वृक्षारोपण (2)

खरगौन जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। अभियान के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पूरे जिले में 1 लाख 51 हजार पौधे लागाये जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा वृक्षारोपण को लेकर पूर्व से गढ्डों की खुदाई कर अन्य तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आज समस्त शासकीय कार्यालय, स्कूलों एवं महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।